## महत्वपूर्ण एवं खास

### महुआ शराब का बड़ा अड्डा नष्ट, आबकारी की कार्यवाही



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में शराब की अवैध बिक्री और परिवहन की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आगामी होली पर्व के मद्देनजर आबकारी विभाग की टीम ने गोवर्धनपुर इलाके में महुआ शराब के बड़े अड्डे को नष्ट किया। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त रायगढ़ (उत्तर) क्षेत्रांतर्गत सूखा नाला जंगल गोर्वधनपुर में लगभग 25 बल्क लीटर महुआ शराब,चढ़ी हुई भट्ठी और कुल लगभग 7500 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। आगे भी आबकारी विभाग की लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक हाबिल खलखो एवं स्टाफ विशेष सहयोग रहा।

### वरिष्ठ पत्रकार अनल प्रकाश शुक्ल की काया पंचतत्व में विलीन

**रायपुर (आरएनएस)।** नवभारत के पूर्व संपादक एवं प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनल प्रकाश शुक्ल की काया गमगीन माहौल में समाज के सभी वर्गों की उपस्थिति में महादेवघाट में पंचतत्व में विलीन हुई। स्वर्गीय शुक्ल को श्रद्धांजलि देते हुए प्रेसक्लब के सदस्यों वरिष्ठजनों, राजनीतिक, शैक्षणिक एवं विप्र समाजजनों की उपस्थिति में उनके निधन को पत्रकारिता के एक युग का अंत बताया गया। स्वर्गीय शुक्ल की लेखनी हर विषयों पर बेबाक चली। स्वभाव से मिलनसार एवं संवेदनशील शुक्ल का शहर के सभी क्षेत्रों में अच्छा लोक संपर्क था। सीधे-सरल होने की वजह से समाज के हर वर्ग का पीड़ित उनसे मिलता रहता था। पत्रकारिता के क्षेत्र में साहित्य के क्षेत्र में लोककला संस्कृति सामाजिक आर्थिक विषयों पर स्वर्गीय शुक्ल की अच्छी पकड़ थी। उनके अनायास निधन पर उपस्थितजन हतप्रभ थे। सिविल लाईन स्थित काफी हाऊस में अक्सर उनकी लोगों से मेल मुलाकात होते रहती थी। उनका निधन पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में एक युग का अंत है। उपस्थितजनों के अनुसार शुक्ल की युगधर्म से शुरू हुई यात्रा नवभारत में समाप्त होने के बाद भी सक्रियता के मामले में प्रथम स्थान पर थी।

### एक लाख के इनामी नक्सली मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत प्रतिबंधित नक्सली संगठन में 15-17 वर्षो से थाना किस्टाराम क्षेत्र में सक्रिय 01 लाख का इनाम नक्सली मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ मडक्कम हड़मा उर्फ लालू निवासी किस्टाराम थाना क्षेत्र सुकमा ने एएसपी नक्सल ऑप्स किरण चव्हाण, कोबरा 208 वाहिनी सहायक कमाण्डेन्ट हेमंत प्लास के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उक्त आत्मसमर्पित नक्सली को शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। आत्मसमर्पित मडक्कम हड़मा उर्फ लालू कई नक्सल वारदातों में सक्रिय था, जिसमें वर्ष 2007 वीराभट्टी मुठभेड़ घटना में लालू सहित 03 नक्सली घायल, वर्ष 2013 थाना किस्टाराम पर फायरिंग घटना में 02 पुलिस जवान शहीद व 02 जवान घायल, वर्ष 2018 कांसाराम नाला के पास लैण्ड मांईस व्हीकल पर विस्फोट घटना में 09 पुलिस जवान शहीद व 02 जवान घायल हुए थे।

# हितग्राहियों का ऋण स्वीकृत करने की तय हो समय-सीमा : कलेक्टर

- बैंक सखियों की संख्या में वृद्धि कर दूरस्थ अंचलों में बढ़ायें वित्तीय पहुंच
- फर्जी काल एवं ऑनलाईन धोखाधड़ी के संबंध में ग्रामीणों को करें जागरूक
- कृषि सेक्टर, पशुपालन, मछलीपालन के हितग्राहियों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें लोन
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आयोजित



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री (डीएलसीसी) की बैठक ली। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि शासन द्वारा लोगों के हितार्थ के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन होने और जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध होने से उनके कार्यों को गति मिलती है। समय पर हितग्राही को ऋण स्वीकृत होने से वे आर्थिक लाभ अर्जित कर आजीविका संचालित करने के साथ ही स्वावलंबी बनते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकर्स सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी छोटे-छोटे प्रकरणों को अविलंब निराकृत करें, ताकि शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल सके। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकर्स को ऋण प्रकरणों के निराकरण की एक समय-सीमा तय करने के निर्देश दिए। जिसके आधार पर बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान उन्होंने पीएनबी द्वारा महिलाओं के लिए जारी ऋण प्रतिशत में कमी पाये जाने पर गहरी नाराजगी जतायी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में सभी बैंकर्स को अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के दूरस्थ अंचल धरमजयगढ़, लैलूंगा, तमनार एवं घरघोड़ा वाले क्षेत्रों को फोकस करते हुए वहां वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने एवं बैंक सखियों की संख्या बढ़ाने तथा उन्हें स्वाईप मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि वहां लोग आसानी से राशि आहरित कर सकें। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना अंतर्गत ऋण स्वीकृति दें। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की ऋण स्वीकृति की समीक्षा की तथा शीघ्रता से मामलों को निराकृत करने के लिए कहा।

कलेक्टर सिन्हा किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में चर्चा करते हुए शत-प्रतिशत किसानों का केसीसी कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्हें कहा कि केसीसी के लिए कौन-कौन से डाक्यूमेन्ट चाहिए होते है इसकी एक स्पष्ट गाईड लाईन बताकर विभागीय अधिकारियों को बताये, जिससे फार्म के साथ सभी दस्तावेज लगाकर जमा किये जा सके व ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो। इसके लिए बैंकर्स को एक समय-सीमा भी तय करने के लिए कहा। उन्होंने विशेष रूप से कृषि सेक्टर जैसे पशुपालन, मछलीपालन हेतु हितग्राही के लिए ऋण में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना स्टैंड अप इंडिया योजना की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के लिए रोजगार का सृजन करने में मदद करता है। योजना अंतर्गत पात्र युवाओं के ऋण भी स्वीकृत करें। इसी तरह उन्होंने अल्पसंख्यक वर्ग को ऋण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को ऋण, दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के संबंध चर्चा करते हुए इस संबंध में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में सीजीएम डीआईसी शिव कुमार राठौर, सहायक संचालक उद्यानिकी कमलेश दीवान, लीड बैंक मैनेजर महाली, संबंधित विभागीय अधिकारी सहित बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे।

**फर्जी काल व ऑनलाईन धोखाधड़ी से जागरूक करने चलाये कैंपेन, बैंकों में भी जानकारी करें चस्पा-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाले लोग आज कल बैंक ग्राहकों जिनमें खासकर ग्रामीण इलाके के लोगों को फर्जी काल करके या उन्हें ओटीपी अथवा लिंक भेंजकर उनके खाते से राशि निकाल लेते है। जागरूकता की कमी के चलते लोग ऐसे फर्जी काल के चक्कर में पड़कर अपनी पूरी जमा पूंजी गंवा देते है। इसकी रोकथाम के लिए सभी बैंकर्स अपने ग्राहकों को ऐसे फर्जीवाड़े से बचने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स ग्राहकों को ऐसे घटनाओं से जुड़ी सभी जानकारी बतायें कि बैंक द्वारा कार्ड अथवा खाता सत्यापन के लिए कभी काल या मैसेज नहीं किया जाता। ऐसे काल आने पर उन्हें अपने खाते से जुड़ी कोई भी जानकारी न दें तथा संबंधित नंबर की सूचना तत्काल बैंक व पुलिस को दें। उन्होंने इन सब बिन्दुओं की जानकारी बैंकों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने तथा साथ ही गांव-गांव में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।

**कलेक्टर ने किया संभाव्याता युक्त ऋण योजना पुस्तक का विमोचन-** कलेक्टर सिन्हा डीएलसीसी बैठक के दौरान संभाव्यता युक्त ऋण योजना वर्ष 2023-24 पुस्तक का विमोचन किया। छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा रायगढ़ जिले के लिए तैयार की गई राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक पर आधारित संभाव्यता युक्त योजना पुस्तक में ग्रामीण समृद्धि के लिए राष्ट्र का विकास बैंक जिसका ध्येय सहभागिता, संधारणीयता और समानता पर आधारित वित्तीय और गैर-वित्तीय सहयोगों, नवोन्मेषों, प्रौद्योगिकी और संस्थागत विकास के माध्यम से समृद्धि लाने के लिए कृषि और ग्रामीण विकास का संवर्धन है।

## 69 हजार 345 किसानों ने बेचा 41.29 लाख क्विंटल धान, जीरो शॉर्टेज के साथ पूरे धान का हुआ उठाव



**रायगढ़।** जिले में धान खरीदी पूरी होने के साथ धान का उठाव भी जीरो शॉर्टेज के साथ पूरा कर लिया गया है। उप पंजीयक सहकारिता सी.एस.जायसवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी योजना के तहत जिला रायगढ़ में 69 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 100 धान उपार्जन केन्द्रों में 69 हजार 345 कृषक सदस्यों द्वारा कुल 41 लाख 29 लाख 664.80 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। इसी प्रकार नवीन जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड सारंगढ़ एवं बरमकेला में 41 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 50 धान उपार्जन केन्द्रों में 46 हजार 743 कृषक सदस्यों द्वारा कुल 21 लाख 37 हजार 912 क्विंटल धान का विक्रय किया गया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में समयावधि में खरीदी किए गए समस्त धान का परिदान मूल खरीददार (मार्कफेड)को कर दिया गया है। जिसमें जिला रायगढ़ में शून्य प्रतिशत धान कमी प्राप्त किया गया। उपरोक्त उपलब्धियों के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ सी.एस.जायसवाल के द्वारा खरीदी कार्य में सुचारू संचालन एवं टीम भावना से कार्य करने के लिए सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, विपणन विभाग, अपेक्स बैंक के कर्मचारियों एवं अधिकारियों एवं समिति के समस्त कर्मचारियों तथा समिति प्रबंधकों को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गयी है।

## वाहन में लोड सरिया बेचा करते थे ड्राइवर, चोरी की सरिया खरीदी करने वाला व ड्राइवर गिरफ्तार

- दो अलग-अलग प्रकरणों में 2 आरोपियों से छाल पुलिस की जब्त करीब 46,000 रुपए की सरिया



**रायगढ़।** थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम बेहरामार के पास एक व्यक्ति 80-90 किलो सरिया बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। थाना प्रभारी छाल अपने स्टाफ के साथ ग्राम बेहरामार पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर तस्दीक किए जहां एक ट्रेलर वाहन क्रमांक एनएल-01/ AA-7252 खड़ी मिली जिसमें सरिया लोड था। वाहन के कुछ दूरी पर करीब 80-90 किलो वजनी 10 एमएम का सरिया रखा हुआ था जिसके पास एक व्यक्ति खड़ा हुआ मिला। पुलिस टीम व्यक्ति से उसका नाम, पता और रात के समय लोहे के सरिया को लेकर रूकने का प्रयोजन पूछताछ पर व्यक्ति अपना नाम राजू पासवान पिता उदयनाथ पासवान उम्र 23 साल निवासी दलकी 01 थाना दोक्ती जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम अशोक रोड लाईन्स पतरापाली रायगढ़ और पास खड़े ट्रेलर वाहन का ड्रायवर होना बताया। ड्रायवर ने लोहे की सरिया को बेचने वाहन से निकालना बताया जिसके पास से 11 नग 10 mm का सरिया कीमत करीब 6,000 रूपये का जप्त कर आरोपी को थाने लाया गया।

इसी दरम्यान थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की छड/सरिया जंगल ढाबा कुड़ेकेला में ड्रायवर बेचा करते हैं जिस पर रात को ही थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ जंगल ढाबा कुडेकेला जाकर दबिश दिया गया। ढाबे के पास भारी मात्रा में लोहे का सरिया रखा हुआ था। ढाबा के मालिक को पता तलाश किया गया जो मौके पर उपस्थित नहीं था। ढाबा में काम करने वाले संजय पासवान से ढाबा के पास रखे सरिया के संबंध में पूछताछ करने पर कोई समाधान कारक जवाब नहीं दिया जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर ड्राइवरों से चोरी छड़ खरीदना स्वीकार किया। आरोपी संजय पासवान पिता सिंगेसर पासवान उम्र 36 साल निवासी भउवा थाना शाहपुर पटोरी जिला समस्तीपुर बिहार हाल मुकाम जंगल ढाबा कुड़ेकेला के कब्जे से करीब 7 क्विंटल 32 एमएम का सरिया, 8 एमएम का सरिया, कीमत करीब रु.40,000 जप्त कर आरोपी को थाने लाया गया। आरोपी ट्रेलर ड्राइवर राजू पासवान तथा चोरी का माल खरीदने वाले संजय पासवान पर धारा 41(1+4)CrPC/ 379 IPC के तहत थाना छाल में पृथक- पृथक कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

## ठाकुरपाली में प्रक्षेत्र दिवस एवं ड्रोन तकनीक प्रदर्शन कार्यक्रम सम्पन्न



**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा डॉ.अजय वर्मा, निदेशक विस्तार सेंवाये, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम-ठाकुरपाली में सरसों फसल किस्म-आर.एच.-406 की 50 एकड़ क्षेत्रफल में वृहद अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लिया गया है। प्रक्षेत्र दिवस के साथ-साथ सरसों फसल में ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन 24 एवं 25 फरवरी 2023 को किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. राजपूत ने प्रक्षेत्र दिवस के अवसर पर सरसों फसल की उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही सरसों फसल के साथ अन्तर्वती फसल लेने व मधुमक्खीपालन करने के बारे में विस्तार से बताये, जिससे कि कृषकों को अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो सके। कार्यक्रम प्रभारी के.के. पैकरा, वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान) द्वारा सीड कम फर्टिलाइजर ड्रील से सरसों फसल की बुवाई के फायदे के बारे में विस्तार से बताये गये। जिससे कि आने वाले समय में इस फसल के अलावा दूसरे फसल में इस तकनीक को आपनाकर फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इस कार्यक्रम तहत डॉ. सी.पी.एस.सोलंकी, वैज्ञानिक (पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन) ने कहा कि सरसों की फसल को जानवर नही खाने से इसका क्षेत्रफल बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पशु में कृत्रिम गर्भधान व अजोला उत्पादन के बारे में विस्तार से चर्चा किये गये। इस कार्यक्रम के अंत में घनश्याम पटेल व यादराम पटेल द्वारा सरसों फसल के उत्पादन के बारे में अपना अनुभव के बारे बताये गये।

कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा ग्राम- ठाकुरपाली में पहली बार ड्रोन तकनीक से सरसों फसल में कीटनाशी का छिड़काव किया गया। ड्रोन तकनीक से कम समय में अधिक क्षेत्रफल में कीटनाशी व अन्य दवाई का छिड़काव किया जा सकता है। जिससे समय की बचत एवं मजदूर की समस्या का विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता। कृषकों द्वारा निकट भविष्य में इस ड्रोन तकनीक को अपनाने हेतु उत्सुकता व मंशा जाहिर की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ठाकुरपाली ग्रामवासी एवं केन्द्र के वैज्ञानिकों का विशेष योगदान रहा।

## 28 फरवरी को रायगढ़ में होगा मिलेट महोत्सव

- मिलेट व्यंजनों की लगेगी प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का होगा आयोजन

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामलीला मैदान, रायगढ़ में मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मिलेट्स व्यंजनों की प्रदर्शनी के साथ ही मिलेट्स विशेषज्ञ-कृषि वैज्ञानिकों की परिचर्चा, उत्कृष्ट कृषक परिचर्चा के साथ न्यूट्रिशन विशेषज्ञ, युवाओं के लिए मिलेट्स क्विज, नुक्कड़ नाटक, प्रतिष्ठित होटल के शेफ , फूड कोर्ट सहित विभिन्न स्टार्टअप की जानकारी मिलेंगी। मिलेट्स महोत्सव में डॉ.सरला खादर का ऑनलाइन व्याख्यान होगा। जिसमे मिलेट्स विशेषज्ञ जलफल, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं उत्कृष्ट कृषक जुड़ेगे।



**मिलेट्स कैलेण्डर भी किया गया है तैयार-** जनसामान्य में मिलेट्स के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मिलेट्स कैलेण्डर तैयार किया गया है। जिसकी एक प्रति कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा को कृषि विभाग के अधिकारियों ने भेंट की। कलेक्टर सिन्हा ने मिलेट्स कैलेण्डर की प्रशंसा की। मिलेट्स कैलेण्डर में मिलेट मिशन योजनांतर्गत मिलेट्स कोटो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा के पोषक गुणों एवं खाद्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों में जागरूकता लाने व दैनिक आहार में शामिल करने एवं उत्पादन, उत्पादकता विपणन को प्रोत्साहित करने के बारे में बताया गया है। कैलेंडर का प्रकाशन सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा एवं डीडीए अनिल कुमार वर्मा, रायगढ़ के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। कैलेण्डर के डिजाइन एवं प्रकाशन में अमित पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड पुसौर की विशिष्ट भूमिका रही। इस मौके पर अभिषेक पटेल, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड रायगढ़ भी उपस्थित रहे।

## पुसौर में 20 लीटर और छाल में 12 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए रिमांड पर



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर अवैध शराब के संग्रहण एवं बिक्री पर कार्यवाही के क्रम में कल थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया के नेतृत्व में छाल पुलिस द्वारा ग्राम साम्हरसिंघा में रहने वाले विक्रम सिंह राजपूत के घर शराब रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि विक्रम सिंह राजपूत अवैध रूप से घर पर महुआ शराब बिक्री करता है। शराब रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी अपने घर के परछी से करीब 12 लीटर महुआ शराब लाकर पेश किया गया। आरोपी विक्रम सिंह राजपूत पिता किशुन सिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष साकिन साम्हरसिंघा जिला रायगढ़ पर थाना छाल में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59 (क) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

वहीं आज थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को मुखबिर से मिली सूचना पर थाना पुसौर के प्रधान आरक्षक श्याम दास महंत और आरक्षक लक्ष्मी पटेल द्वारा महादेव तलाब पुसौर के पास घेराबंदी कर शराब परिवहन कर रहे आरोपी दिलीप सारथी पिता जगमोहन सारथी उम्र 38 साल निवासी पुसौर के पास से दो 10 लीटर वाली क्षमता के प्लास्टिक जरकीन में 20 लीटर महुआ शराब कीमत रु.2,000 का जब्त किया गया है। आरोपी पर थाना पुसौर में धारा 34(2), 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है।

## एशिया के सबसे बड़े मानव निर्मित जंगल में बनेगा फॉरेस्ट वंडरलैंड

- बीएसपी के नंदिनी माइंस क्षेत्र में 3.83 करोड़ की लागत से बनेगा एडवेंचर पार्क
- दुर्ग से 15 किलोमीटर की दूरी पर पर्यटकों को मिलेगा एडवेंचर एक्टिविटी से भरा स्थान



**दुर्ग (आरएनएस)।** भिलाई स्टील प्लांट के नंदिनी माईन्स क्षेत्र में पूर्व में किये गये वृक्षारोपणों एवं खनन कार्य के फलस्वरूप वहां छोटे वनक्षेत्र एवं तालाब विकसित हो गए हैं। इस क्षेत्र को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा एशिया के सबसे बड़े मानव निर्मित वन के रूप में घोषित किया गया है। दुर्ग वनमण्डल द्वारा नंदिनी माईन्स क्षेत्र को फॉरेस्ट वंडरलैंड के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु 3.83 करोड़ रूपये का प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

इस एडवेंचर पार्क में पारासेलिंग, चडबाईकिंग, जिपलाईनिंग, हॉट एयर बैलून, बोटिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग, स्टार गेजिंग, बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के एडवेंचर एक्टिविटी आदि के साधन उपलब्ध होंगे जहां लोग आकर इन क्रियाकलापों का आनंद ले सकते है। नंदिनी क्षेत्र राजनांदगांव से 50 कि.मी., दुर्ग शहर से 15 कि.मी., रायपुर से 40 कि.मी., कवर्धा से 107 कि.मी. तथा बेमेतरा से 72 कि.मी. की दूरी पर स्थित होने से यहां पर पर्यटक आकर विभिन्न प्रकार के एक्टिविटी का आनंद ले सकेंगे। यह स्थल कान्हा-किसली उद्यान जाने वाले रास्ते में स्थित है इसलिए वहां जाने वाले पर्यटक रास्ते में नंदिनी फॉरेस्ट वंडरलैंड का भी आनंद ले सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480